SAT-2 NTSE(I)/19-20

# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा ( प्रथम स्तर ) 2019-20

# NATIONAL TALENT SEARCH EXAMINATION ( Stage-I ) 2019-20

Roll No. रोल नम्बर

**702–B**

Booklet Number पुस्तिका संख्या

## SCHOLASTIC APTITUDE TEST
**( For Students of Class X )**

Time : 120 Minutes Max. Marks : 100

(For Candidates with benchmark disabilities. Time : 2 Hours 30 Minutes)

### INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

**Read the following instructions carefully before you open the question booklet.**

1. Answers are to be given on a **separate answer sheet (OMR sheet)**.
2. Write your **Roll Number** as allotted to you in the admission card very clearly on **the test-booklet** and darken the appropriate circles on the **answer sheet** as per instructions given.
3. There are 100 questions in this test. All are compulsory. The question numbers 1 to 13 belong to Physics, 14 to 26 Chemistry, 27 to 33 Botany, 34 to 40 Zoology, 41 to 60 Mathematics, 61 to 71 History, 72 to 82 Geography, 83 to 93 Political Science and 94 to 100 are on Economics subjects.
4. Please follow the instructions given on the answer sheet for marking the answers.
5. If you do not know the answer to any question, do not waste time on it and pass on to the next one. Time permitting, you can come back to the questions, which you have left in the first instance and attempt them.
6. Since the time allotted for this question paper is very limited, you should make the best use of it by not spending too much time on any one question.
7. **Rough work** can be done **on the given Blank Pages at the back of the booklet** but not on the answer sheet/loose paper.
8. Every correct answer will be awarded one mark. There will be no negative marking.
9. **Please return the Answer sheet (OMR Sheet) only to the invigilator after the test.**
10. Hindi version of the question paper will be considered as final in case of any dispute arising out of variation in translated version.

**PLEASE TURN OVER THE PAGE AND START YOUR WORK.**

## शैक्षिक योग्यता परीक्षा
**( कक्षा X के विद्यार्थियों के लिए )**

समय : 120 मिनट पूर्णांक : 100

( विशेष योग्यजन के लिए समय : 2 घंटे 30 मिनट )

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

**प्रश्न पुस्तिका खोलने से पहले निम्न निर्देशों को ध्यान से पढ़िए।**

1. उत्तर एक **अलग उत्तर पत्रक (ओ० एम० आर० शीट)** में देने हैं।
2. कृपया अपना **रोल नम्बर** जैसा कि आपके प्रवेश पत्र पर दिया गया है, निर्देशानुसार **टेस्ट पुस्तिका** पर बहुत स्पष्ट लिखिये और **उत्तर-पत्रक** पर दिये गये गोलों को काला करें।
3. इस परीक्षा में 100 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या 1 से 13 भौतिक विज्ञान, 14 से 26 रसायन विज्ञान, 27 से 33 वनस्पति विज्ञान, 34 से 40 प्राणी विज्ञान, 41 से 60 गणित, 61 से 71 इतिहास, 72 से 82 भूगोल, 83 से 93 राजनीति विज्ञान एवं 94 से 100 अर्थशास्त्र विषयों पर आधारित हैं।
4. कृपया उत्तर चिह्नित करने के लिए उत्तर-पत्रक पर दिये गये निर्देशों को ध्यान से समझ कर उनकी अनुपालना कीजिए।
5. यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं जानते हैं तो उस पर बहुत समय न गंवाइये और अगले प्रश्न पर बढ़ जाइये। यदि बाद में समय मिले तो जिन प्रश्नों को आपने पहले छोड़ दिया था, उन पर वापस आकर उनके उत्तर दीजिए।
6. क्योंकि इस प्रश्न पत्र के लिए निर्धारित समय बहुत सीमित है, इसलिए इसका अधिकतम उपयोग कीजिये और किसी प्रश्न पर बहुत समय न लगाइये।
7. **रफ कार्य** पुस्तिका के अंत में दिए गए रिक्त पृष्ठों पर किया जा सकता है किन्तु **उत्तर-पत्रक/अलग कागज** पर नहीं।
8. प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक प्रदान किया जाएगा। इसमें ऋणात्मक अंकन नहीं होगा।
9. **कृपया परीक्षा के बाद केवल उत्तर-पत्रक (ओ० एम० आर० शीट) ही निरीक्षक को लौटाइए।**
10. अनुवादित विवरण में अन्तर से उठे किसी भी विवाद की स्थिति में प्रश्न-पत्र के हिन्दी विवरण को निर्णायक माना जाएगा।

**कृपया पृष्ठ पलटिये और अपना कार्य आरम्भ कीजिए।**

BSER 2019-20
The copyright of the contents of this booklet rests with the BSER and no part of it should be used by anybody in any manner whatsoever without the prior permission of the BSER. The items are prepared on best effort basis. In case of any dispute the opinion of the experts appointed by BSER will be final.

Teoler High School

प्रश्न पुस्तिका को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

# शैक्षिक योग्यता परीक्षा
# SCHOLASTIC APTITUDE TEST

**इस प्रश्न-पत्र में कुल 100 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।**

**THERE ARE 100 QUESTIONS IN THIS PAPER.**

**EACH QUESTION CARRIES ONE MARK.**

## ( भौतिक विज्ञान )
## ( Physics )

1. यदि कार्य, बल तथा समय क्रमशः $A$, $B$ एवम् $C$ द्वारा प्रदर्शित किये जाते हैं तो पद $\left(\frac{A}{BC}\right)$ प्रदर्शित करेगा

(1) विस्थापन (2) वेग
(3) त्वरण (4) संवेग ।

If work, force and time are represented by $A$, $B$ and $C$ respectively then the term $\left(\frac{A}{BC}\right)$ will present

(1) displacement (2) velocity
(3) acceleration (4) momentum.

2. किसी कण का प्रारम्भिक वेग 10 m/s है। यह 4 $m/s^2$ त्वरण से गतिशील है तो 2s पश्चात कण द्वारा तय की गयी दूरी होगी

(1) 6 m (2) 18 m
(3) 22 m (4) 28 m.

The initial velocity of a particle is 10 m/s. It is moving with an acceleration of 4 $m/s^2$. The distance covered by the particle after 2s is

(1) 6 m (2) 18 m
(3) 22 m (4) 28 m.

3. सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियतांक ( G ) का मात्रक है

(1) $N\text{-}m^2/kg$ (2) $N\text{-}m^2/kg^2$
(3) $N\text{-}kg^2/m^2$ (4) $N\text{-}m/kg^2$.

Unit of universal gravitational constant is

(1) $N\text{-}m^2/kg$ (2) $N\text{-}m^2/kg^2$
(3) $N\text{-}kg^2/m^2$ (4) $N\text{-}m/kg^2$.

4. एक तरंग की चाल 350 m/s तथा तरंगदैर्घ्य 100 cm है, तो तरंग की आवृत्ति होगी

(1) 35 Hz (2) 350 Hz
(3) 700 Hz (4) 3500 Hz.

If the speed of wave is 350 m/s and its wavelength is 100 cm then the frequency of the wave will be

(1) 35 Hz (2) 350 Hz
(3) 700 Hz (4) 3500 Hz.

Teoler High School

5. वह तरंग जिसमें संपीडन और विरलन है, कहलाती है

(1) अनुप्रस्थ तरंग (2) अनुदैर्घ्य तरंग

(3) प्रकाश तरंग (4) पराबैंगनी किरणें ।

The wave having compression and rarefaction is known as

(1) transverse wave (2) longitudinal wave

(3) light wave (4) ultraviolet wave.

6. दो द्रव्यमानों के बीच की दूरी दुगुनी करने पर उनके मध्य गुरुत्वाकर्षण बल हो जायेगा

(1) एक चौथाई (2) आधा

(3) दुगुना (4) चौगुना ।

If the distance between two masses is doubled then the gravitational force between them will be

(1) one-fourth (2) half

(3) double (4) four times.

7. एक लेंस की फोकस दूरी 25 cm है । लेंस की क्षमता डाइऑप्टर में होगी

(1) 0·04 (2) 0·4


(3) 4 (4) 2·5

Focal length of a lens is 25 cm. In dioptre power of lens will be

(1) 0·04 (2) 0·4

(3) 4 (4) 2·5

8. दिए गये किरण चित्र में स्नेल नियम के लिए सही संबंध है





(1) $\frac{\sin a}{\sin b}$ = स्थिरांक (2) $\frac{\sin b}{\sin a}$ = स्थिरांक

(3) $\frac{\sin (90 - a)}{\sin (90 - b)}$ = स्थिरांक (4) $\frac{\sin (90 - a)}{\sin b}$ = स्थिरांक ।



Teoler High School

In the given ray diagram correct relation for Snell's law is




(1) $\frac{\sin a}{\sin b}$ = constant (2) $\frac{\sin b}{\sin a}$ = constant

(3) $\frac{\sin(90-a)}{\sin(90-b)}$ = constant (4) $\frac{\sin(90-a)}{\sin b}$ = constant.

9. कौन-सा पद विद्युत शक्ति को प्रदर्शित नहीं करता है ?

(1) $P = \frac{V}{I}$ (2) $P = VI$


(3) $P = I^2R$ (4) $P = \frac{V^2}{R}$.

Which term does not represent electric power ?

(1) $P = \frac{V}{I}$ (2) $P = VI$


(3) $P = I^2R$ (4) $P = \frac{V^2}{R}$.

10. दिए गये परिपथ में धारा $I$ का मान होगा




(1) $\frac{6}{11}$ A (2) $\frac{6}{5}$ A (3) 2 A (4) 1 A

In the given circuit the value of current $I$ will be




(1) $\frac{6}{11}$ A (2) $\frac{6}{5}$ A (3) 2 A (4) 1 A

Teoler High School

11. चुम्बकीय फ्लक्स का मात्रक है

(1) वोल्ट (2) वेबर

(3) हर्ट्ज (4) ओम-मीटर ।

Unit of magnetic flux is

(1). volt (2) weber

(3) hertz (4) ohm-metre.

12. किसी स्प्रिंग का स्प्रिंग नियतांक $K = 6 \times 10^3$ N/m है । इसे माध्य स्थिति से $10^{-2}$ m खींचने में किया गया कार्य होगा

(1) 0·003 J (2) 0·03 J


(3) 0·3 J (4) 3 J.

Spring constant of a spring is $K = 6 \times 10^3$ N/m. Work done to stretch it $10^{-2}$ m from mean position is

(1) 0·003 J (2) 0·03 J

(3) 0·3 J (4) 3 J.


13. पिण्ड $A$ व पिण्ड $B$ की स्थितिज ऊर्जाओं का अनुपात होगा




(1) $\frac{U_A}{U_B} = \frac{2}{3}$ (2) $\frac{U_A}{U_B} = \frac{3}{2}$

(3) $\frac{U_A}{U_B} = \frac{1}{3}$ (4) $\frac{U_A}{U_B} = \frac{3}{4}$.

Ratio of potential energies of body $A$ and body $B$ will be




(1) $\frac{U_A}{U_B} = \frac{2}{3}$ (2) $\frac{U_A}{U_B} = \frac{3}{2}$

(3) $\frac{U_A}{U_B} = \frac{1}{3}$ (4) $\frac{U_A}{U_B} = \frac{3}{4}$.



Teoler High School

## ( रसायन विज्ञान )
## ( Chemistry )

14. अधोलिखित में से तत्व का उदाहरण है

(1) जल (2) अमोनिया

(3) नमक (4) लोहा ।

Example of an element among the following is

(1) Water (2) Ammonia

(3) Salt (4) Iron.

15. ओज़ोन अणु में ऑक्सीजन की परमाणुकता है

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4.

Atomicity of oxygen in ozone molecule is

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4.

16. 0·36 g जल में उपस्थित मोलों की संख्या है

(1) 0·1 (2) 0·2

(3) 0·01 (4) 0·02.

Number of moles present in 0·36 g of water is

(1) 0·1 (2) 0·2

(3) 0·01 (4) 0·02.

17. कैंसर रोग के उपचार में प्रयुक्त रेडियोधर्मी समस्थानिक है

(1) आयोडीन-131 (2) कोबाल्ट-60

(3) सोडियम-24 (4) क्लोरीन-37.

Radioactive isotope used in the treatment of cancer disease is

(1) Iodine-131 (2) Cobalt-60

(3) Sodium-24 (4) Chlorine-37.

18. नाइट्रिक अम्ल की संरचना में उपसहसंयोजक बंधों की संख्या है

(1) 0 (2) 1

(3) 2 (4) 3.

The number of coordinate covalent bonds in the structure of nitric acid is

(1) 0 (2) 1

(3) 2 (4) 3.



Teoler High School

19. टिन ( Sn ) द्वारा प्रदर्शित संयोजकताओं का युग्म है

(1) 1, 4 (2) 1, 2

(3) 2, 3 (4) 2, 4.

The pair of valencies exhibited by tin ( Sn ) is

(1) 1, 4 (2) 1, 2

(3) 2, 3 (4) 2, 4.

20. ब्रॉन्सटेड अम्ल $H_2O$ एवं HCl के संयुग्मी क्षारक क्रमशः हैं

(1) $OH^-$, $Cl^-$ (2) $H_3O^+$, $Cl^-$

(3) $H_3O^+$, $Cl^+$ (4) $OH^-$, $Cl^+$.

The conjugate bases of Brönsted acids $H_2O$ and HCl are respectively

(1) $OH^-$, $Cl^-$ (2) $H_3O^+$, $Cl^-$

(3) $H_3O^+$, $Cl^+$ (4) $OH^-$, $Cl^+$.

21. 'प्लास्टर ऑफ पेरिस' का रासायनिक सूत्र है

(1) $CaSO_4 \cdot \frac{1}{2} H_2O$ (2) $CaSO_4 \cdot 2\,H_2O$

(3) $CaSO_4 \cdot H_2O$ (4) $CaSO_4 \cdot \frac{3}{2} H_2O$.

The chemical formula of 'Plaster of Paris' is

(1) $CaSO_4 \cdot \frac{1}{2} H_2O$ (2) $CaSO_4 \cdot 2\,H_2O$

(3) $CaSO_4 \cdot H_2O$ (4) $CaSO_4 \cdot \frac{3}{2} H_2O$.

22. निम्नलिखित रासायनिक परिवर्तनों में ऑक्सीकरण अभिक्रिया है

(1) $Cl + e^- \rightarrow Cl^-$ (2) $Mg^{+2} + 2e^- \rightarrow Mg$

(3) $MnO_4^- + e^- \rightarrow MnO_4^{-2}$ (4) $Fe^{+2} \rightarrow Fe^{+3} + e^-$.

The oxidation reaction in the following chemical changes is

(1) $Cl + e^- \rightarrow Cl^-$ (2) $Mg^{+2} + 2e^- \rightarrow Mg$

(3) $MnO_4^- + e^- \rightarrow MnO_4^{-2}$ (4) $Fe^{+2} \rightarrow Fe^{+3} + e^-$.

Teoler High School

23. $N_2(g) + 3H_2(g) \xrightarrow{Fe|Mo} 2NH_3(g)$

उपर्युक्त अभिक्रिया में Mo है

(1) उत्प्रेरक वर्धक (2) उत्प्रेरक विष ( निरोधक )

(3) जैव-उत्प्रेरक (4) स्वतः-उत्प्रेरक ।

$N_2(g) + 3H_2(g) \xrightarrow{Fe|Mo} 2NH_3(g)$

Mo in the above reaction is

(1) Catalyst promoter (2) Catalyst poison ( inhibitor )

(3) Bio-catalyst (4) Auto-catalyst.

24. आवर्त सारणी में सर्वाधिक विद्युत ऋणता वाला तत्त्व है

(1) F (2) Cl

(3) Br (4) I.

Element having highest electronegativity in the periodic table is

(1) F (2) Cl

(3) Br (4) I.

25. 'फ्रीऑन-12' का अणुसूत्र है

(1) $CFCl_3$ (2) $CF_2Cl_2$

(3) $C_2F_2Cl_4$ (4) $C_2F_3Cl_3$.

The molecular formula of 'Freon-12' is

(1) $CFCl_3$ (2) $CF_2Cl_2$

(3) $C_2F_2Cl_4$ (4) $C_2F_3Cl_3$.

26. टैरीलीन बहुलक की एकलक इकाइयाँ हैं

(1) टेरेफ्थैलिक अम्ल एवं एथीलीन ग्लाइकॉल

(2) ऐडिपिक अम्ल एवं एथीलीन ग्लाइकॉल

(3) टेरेफ्थैलिक अम्ल एवं हेक्सामेथीलीन डाइएमीन

(4) ऐडिपिक अम्ल एवं हेक्सामेथीलीन डाइएमीन ।

The monomer units of terylene polymer are

(1) Terephthalic acid and ethylene glycol

(2) Adipic acid and ethylene glycol

(3) Terephthalic acid and hexamethylene diamine

(4) Adipic acid and hexamethylene diamine.

Tecler High School

## ( वनस्पति विज्ञान )
## ( Botany )

27. पत्तियों में गर्ती रन्ध्र पाये जाने से सम्बन्धित आवास है

(1) जलोद्भिद् (2) समोद्भिद्

(3) मरुद्भिद् (4) शीतोद्भिद् ।

The habitat related with presence of sunken stomata in leaves is

(1) Hydrophytic (2) Mesophytic

(3) Xerophytic (4) Cryophytic.

28. सूक्ष्म पोषक तत्व है

(1) नाइट्रोजन (2) जिंक

(3) मैग्नीशियम (4) पोटेशियम ।

Micronutrient element is

(1) Nitrogen (2) Zinc

(3) Magnesium (4) Potassium.

29. प्रवाल मूल पायी जाती है

(1) साइकस में (2) पाइनस में

(3) मार्सीलिया में (4) एजोला में ।

Coralloid root is found in

(1) Cycas (2) Pinus

(3) Marsilia (4) Azolla.

30. किस पादप की मूल का उपयोग औषधि के रूप में करते हैं ?

(1) **कुरकुमा लोंगा** (2) **एलोय वेरा**

(3) **रावल्फिया सर्पेन्टाइना** (4) **पेपेवर सोम्निफेरम** ।

The root of which plant is used as medicine ?

(1) *Curcuma longa* (2) *Aloe vera*

(3) *Rauwolfia serpentina* (4) *Papaver Somniferum.*



Teoler High School

31. द्विसंकर संकरण की $F_2$ पीढ़ी का लक्षण प्ररूप अनुपात है

(1) 3 : 1 (2) 9 : 3 : 3 : 1

(3) 1 : 2 : 1 (4) 2 : 1.

Phenotypic ratio of $F_2$ generation in dihybrid cross is

(1) 3 : 1 (2) 9 : 3 : 3 : 1

(3) 1 : 2 : 1 (4) 2 : 1.

32. विश्व में कुल कितने जैव विविधता तप्त स्थल हैं ?

(1) 25 (2) 33

(3) 20 (4) 34.

How many biodiversity hotspots are there in the world ?

(1) 25 (2) 33

(3) 20 (4) 34.

33. चिपको आन्दोलन की शुरुआत राजस्थान के कौन-से जिले से हुई ?

(1) जोधपुर (2) जयपुर

(3) अजमेर (4) जैसलमेर ।

From which district of Rajasthan did Chipko movement begin ?

(1) Jodhpur (2) Jaipur

(3) Ajmer (4) Jaisalmer.

Teoler High School

## ( प्राणी विज्ञान )

## ( Zoology )

34. मानव मस्तिष्क का भाग, जो अनैच्छिक क्रियाओं का नियंत्रण करता है, है

(1) प्रमस्तिष्क (2) अनुमस्तिष्क

(3) मैड्यूला ऑब्लांगेटा (4) दृक् पालि ।

The part of human brain, which controls involuntary actions is

(1) Cerebrum (2) Cerebellum

(3) Medulla oblongata (4) Optic lobe.

35. भोजन में प्रोटीन की कमी से होने वाला रोग है

(1) क्वाशिओरकोर (2) स्कर्वी (3) पेलेग्रा (4) रिकेट्स ।

The disease caused by protein deficiency in food is

(1) Kwashiorkor (2) Scurvy (3) Pellagra (4) Rickets.

36. बड़ी आंत के भाग हैं

(1) ग्रहणी, क्षुद्रांत्र, वृहदांत्र (2) अंधनाल, वृहदांत्र, मलाशय

(3) ग्रहणी, अग्रक्षुद्रांत्र, क्षुद्रांत्र (4) अग्रक्षुद्रांत, क्षुद्रांत्र, अंधनाल ।

The parts of large intestine are

(1) Duodenum, Ileum, Colon (2) Caecum, Colon, Rectum

(3) Duodenum, Jejunum, Ileum (4) Jejunum, Ileum, Caecum.

37. अण्डाशय द्वारा स्रावित हॉर्मोन नहीं है

(1) टेस्टोस्टेरोन (2) ऐस्ट्रोजन (3) प्रोजेस्टेरोन (4) रिलेक्सीन ।

The hormone, not secreted by ovary is

(1) Testosterone (2) Estrogen (3) Progesterone (4) Relaxin.

38. कूटप्रगुही प्राणी हैं

(1) एस्कहैल्मिन्थ्स (2) ऐनेलिड्स

(3) आर्थ्रोपोड्स (4) मोलस्क्स ।

Pseudocoelomate animals are

(1) Aschelminthes (2) Annelids (3) Arthropods (4) Molluscs.

39. प्रोटोजोआ जनित रोग है

(1) एड्स (2) कुष्ठरोग (3) पीलिया (4) मलेरिया ।

Protozoan disease is

(1) AIDS (2) Leprosy (3) Jaundice (4) Malaria.

40. विटामिन $K$ की कमी से होने वाला रोग है

(1) रक्तस्राव (2) बन्ध्यता (3) रिकेट्स (4) स्कर्वी ।

The disease caused by deficiency of Vitamin $K$ is

(1) Haemorrhage (2) Sterility (3) Rickets (4) Scurvy.

Teoler High School

## ( गणित )

## ( Mathematics )

41. यदि किसी संख्या के इकाई अंक तथा दहाई अंक के स्थान पर क्रमशः $a$ तथा $b$ हो, तो संख्या होगी

(1) $10b + a$ (2) $10a + b$


(3) $a + b$ (4) $ab$.

If one's digit and ten's digit of a number are $a$ and $b$ respectively, then the number will be

(1) $10b + a$ (2) $10a + b$

(3) $a + b$ (4) $ab$.


42. यदि $ABC$ एक सरल रेखा है, तो दिये गये चित्र में $x$ का मान होगा




(1) 15° (2) 20°

(3) 25° (4) 30°.

If $ABC$ is a straight line then value of $x$, in the given diagram will be




(1) 15° (2) 20°

(3) 25° (4) 30°.

43. एक सप्तभुज के सभी अन्तः कोणों का योग होता है

(1) 360° (2) 540°

(3) 720° (4) 900°.

The sum of all interior angles of a Heptagon is

(1) 360° (2) 540°

(3) 720° (4) 900°.



Teoler High School

44. यदि एक $\Delta\ ABC$ में, $AB = AC$ और $\angle A = 70°$ है, तब $\angle B$ है

(1) 50° (2) 55°

(3) 60° (4) 65°.

If in a $\Delta\ ABC$, $AB = AC$ and $\angle A = 70°$ then $\angle B$ is equal to

(1) 50° (2) 55°

(3) 60° (4) 65°.

45. यदि एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप 24 सेमी हो, तो उसका क्षेत्रफल होगा

(1) $16\sqrt{3}$ वर्ग सेमी (2) $32\sqrt{3}$ वर्ग सेमी

(3) $48\sqrt{3}$ वर्ग सेमी (4) $64\sqrt{3}$ वर्ग सेमी ।

If the perimeter of an equilateral triangle is 24 cm, then its area will be

(1) $16\sqrt{3}$ sq.cm (2) $32\sqrt{3}$ sq.cm

(3) $48\sqrt{3}$ sq.cm (4) $64\sqrt{3}$ sq.cm.

46. यदि एक घनाभ का आयतन 3000 घन सेमी है और इसके आधार का क्षेत्रफल 150 वर्ग सेमी है, तो घनाभ की ऊँचाई है

(1) 10 सेमी (2) 15 सेमी

(3) 20 सेमी (4) 25 सेमी ।

If the volume of a cuboid is 3000 $cm^3$ and area of its base is 150 $cm^2$, then the height of the cuboid is

(1) 10 cm (2) 15 cm

(3) 20 cm (4) 25 cm.

47. यदि $\sin\theta = \frac{4}{5}$ हो, तो $\frac{4\tan\theta - 5\cos\theta}{\sec\theta + 4\cot\theta}$ का मान होगा

(1) $\frac{2}{3}$ (2) $\frac{1}{3}$

(3) $\frac{3}{4}$ (4) $\frac{1}{2}$.

If $\sin\theta = \frac{4}{5}$ then the value of $\frac{4\tan\theta - 5\cos\theta}{\sec\theta + 4\cot\theta}$ will be

(1) $\frac{2}{3}$ (2) $\frac{1}{3}$

(3) $\frac{3}{4}$ (4) $\frac{1}{2}$.

Teoler High School

48. किसी घड़ी के मिनट की सुई को $\frac{2\pi}{3}$ रेडियन कोण की रचना करने में कितना समय लगेगा ?

(1) 15 मिनट (2) 20 मिनट

(3) 10 मिनट (4) 25 मिनट ।

How much time the minute hand of a clock will take to describe an angle of $\frac{2\pi}{3}$ radians ?

(1) 15 minutes (2) 20 minutes

(3) 10 minutes (4) 25 minutes.

49. यदि $a$ एवं 510 का लघुतम समापवर्त्य ( ल० स० प० ) 23460 है तथा $a$ एवं 510 का महत्तम समापवर्तक ( म० स० प० ) 2 है, तो $a$ का मान है

(1) 92 (2) 910

(3) 52 (4) 500.

If Least Common Multiple ( LCM ) of $a$ and 510 is 23460 and Highest Common Factor ( HCF ) of $a$ and 510 is 2 then value of $a$ is

(1) 92 (2) 910

(3) 52 (4) 500.

50. द्विघात समीकरण $2\sqrt{2}x^2 + 4x + \sqrt{2} = 0$ का विविक्तकर होगा

(1) 0 (2) 1

(3) 2 (4) 3.

Discriminant of quadratic equation $2\sqrt{2}x^2 + 4x + \sqrt{2} = 0$ will be

(1) 0 (2) 1

(3) 2 (4) 3.

51. 20 और 200 के बीच में 3 के कितने गुणज हैं ?

(1) 50 (2) 55

(3) 60 (4) 65.

How many multiples of 3 are there in between 20 and 200 ?

(1) 50 (2) 55

(3) 60 (4) 65.

Teoler High School

52. ( cos 0° + sin 45° + sin 30° ) ( sin 90° – cos 45° + cos 60° ) का मान होगा

(1) $\frac{4}{7}$ (2) $\frac{3}{2}$

(3) $\frac{5}{7}$ (4) $\frac{7}{4}$.

The value of ( cos 0° + sin 45° + sin 30° ) ( sin 90° – cos 45° + cos 60° ) will be

(1) $\frac{4}{7}$ (2) $\frac{3}{2}$

(3) $\frac{5}{7}$ (4) $\frac{7}{4}$.

53. यदि एक ऊर्ध्वाधर छड़ की लम्बाई तथा इसकी छाया की लम्बाई का अनुपात 1 : 1 हो, तो सूर्य का उन्नयन कोण है

(1) 30° (2) 45°

(3) 60° (4) 90°.

If the ratio of the length of a vertical rod and the length of its shadow is 1 : 1 then angle of elevation of sun is

(1) 30° (2) 45°

(3) 60° (4) 90°.

54. बिन्दुओं ( 1, 4 ), ( – 5, 4 ), ( – 5, – 3 ) और ( 1, – 3 ) द्वारा निर्मित चतुर्भुज होगा

(1) वर्ग (2) आयत

(3) समचतुर्भुज (4) इनमें से कोई नहीं ।

Quadrilateral formed by the vertices ( 1, 4 ), ( – 5, 4 ), ( – 5, – 3 ) and ( 1, – 3 ) will be

(1) Square (2) Rectangle

(3) Rhombus (4) None of these.

55. किसी त्रिभुज के तीनों अन्तः कोणों के समद्विभाजकों का संगमन बिन्दु कहलाता है

(1) गुरुत्व केन्द्र (2) परिकेन्द्र

(3) लम्ब केन्द्र (4) अन्तःकेन्द्र ।

The point of concurrence of three interior angle bisectors of a triangle is called

(1) Centre of gravity (2) Circumcentre

(3) Orthocentre (4) Incentre.

Teoler High School

56. दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफल क्रमशः 36 सेमी$^2$ एवं 81 सेमी$^2$ है । यदि छोटे त्रिभुज की माध्यिका 12 सेमी हो, तो बड़े त्रिभुज की संगत माध्यिका है

(1) 12 सेमी (2) 18 सेमी


(3) 24 सेमी (4) 10 सेमी ।

The areas of two similar triangles are 36 cm$^2$ and 81 cm$^2$ respectively. If the median of smaller triangle is 12 cm then the corresponding median of the larger triangle is

(1) 12 cm (2) 18 cm

(3) 24 cm (4) 10 cm.


57. दिये गये चित्र में, $BC$ वृत्त का व्यास है तथा $\angle BAO = 60°$ है, तब $\angle ADC$ बराबर है




(1) 30° (2) 45°

(3) 60° (4) 90°.

In the given figure, $BC$ is the diameter of a circle and $\angle BAO = 60°$ then $\angle ADC$ is equal to





(1) 30° (2) 45°

(3) 60° (4) 90°.

Teoler High School


58. दिये गये चित्र में छायांकित क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जहाँ *ABCD* भुजा 28 सेमी का एक वर्ग है :




(1) 784 सेमी$^2$ (2) 616 सेमी$^2$

(3) 668 सेमी$^2$ (4) 168 सेमी$^2$.

Find the area of shaded portion in the figure given below, where *ABCD* is a square of side 28 cm :




(1) 784 cm$^2$ (2) 616 cm$^2$

(3) 668 cm$^2$ (4) 168 cm$^2$.

59. प्रथम 8 अभाज्य संख्याओं का माध्य है

(1) 9·625 (2) 8·375

(3) 9·375 (4) 8·534.

The mean of first eight prime numbers is

(1) 9·625 (2) 8·375

(3) 9·375 (4) 8·534.

60. एक पासे को एक बार फेंका जाता है । पासे पर एक सम संख्या के आने की प्रायिकता है

(1) $\frac{1}{6}$ (2) $\frac{1}{3}$

(3) $\frac{1}{2}$ (4) $\frac{2}{3}$.

A die is thrown once. The probability of getting an even number on the die is

(1) $\frac{1}{6}$ (2) $\frac{1}{3}$

(3) $\frac{1}{2}$ (4) $\frac{2}{3}$.

Tepler High School

## ( इतिहास )

## ( History )

61. निम्नलिखित में से कौन कनिष्क का दरबारी नहीं था ?

(1) चरक (2) मेगस्थनीज

(3) नागार्जुन (4) अश्वघोष ।

Who of the following was not the courtier of Kanishka ?

(1) Charaka (2) Megasthenes

(3) Nagarjuna (4) Ashwaghosha.

62. 'मुद्राराक्षस' का लेखक कौन था ?

(1) कालीदास (2) विशाखदत्त

(3) अमर सिंह (4) शूद्रक ।

Who was the writer of 'Mudrarakshasa' ?

(1) Kalidasa (2) Vishakhadatta

(3) Amar Singh (4) Sudraka.

63. चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन किस शासक के शासनकाल में हुआ ?

(1) कनिष्क (2) रुद्रदामन

(3) अशोक (4) चन्द्रगुप्त मौर्य ।

The fourth Buddhist conference was organized during the reign of which ruler ?

(1) Kanishka (2) Rudradaman

(3) Ashoka (4) Chandragupta Maurya.

64. 'जंतर-मंतर' कहाँ स्थित है ?

(1) सीकर (2) अजमेर

(3) जयपुर (4) बीकानेर ।

Where is the 'Jantar-Mantar' situated ?

(1) Sikar (2) Ajmer

(3) Jaipur (4) Bikaner.

65. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना सबसे पहले घटित हुई ?

(1) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (2) भारत छोड़ो आन्दोलन

(3) साइमन कमीशन (4) व्यक्तिगत सत्याग्रह ।

Which one of the following incidents happened first ?

(1) Non-Cooperation movement (2) Quit India movement

(3) Simon Commission (4) Personal Satyagraha.

Teoler High School

66. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सीकर किसान आन्दोलन से सम्बन्धित नहीं था ?

(1) चेतराम (2) तुलछाराम

(3) टीकूराम (4) देवलाल ।

Which one of the following was not related to the Sikar Peasant Movement ?

(1) Chetram (2) Tulchharam

(3) Tikuram (4) Devlal.

67. **सूची–I** को **सूची–II** से सुमेलित कीजिए एवं निम्नांकित कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची–I** | | **सूची–II** |
|---|---|---|---|
| (A) | फ्लाईंग शटल लूम | (i) | सैम्यूअल क्राम्प्टन |
| (B) | स्पीनिंग जैनी | (ii) | रिचर्ड आर्कराइट |
| (C) | वाटर फ्रेम | (iii) | जेम्स हरग्रीव्ज |
| (D) | म्यूल | (iv) | जॉन के । |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | iv | ii | iii | i |
| (4) | iv | iii | ii | i |

Match **List–I** with **List–II** and select the correct answer by choosing from the given codes :

| | **List–I** | | **List–II** |
|---|---|---|---|
| (A) | Flying Shuttle Loom | (i) | Samuel Crompton |
| (B) | Spinning Jenny | (ii) | Richard Arkwright |
| (C) | Water frame | (iii) | James Hargreaves |
| (D) | Mule | (iv) | John Kay. |

**Codes :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | iv | ii | iii | i |
| (4) | iv | iii | ii | i |

Teoler High School

68. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है ?

(1) रोपड़ — पंजाब (2) लोथल — हरियाणा

(3) रंगपुर — गुजरात (4) कालीबंगा — राजस्थान ।

Which one of the following is not correctly matched ?

(1) Ropar — Punjab (2) Lothal — Haryana

(3) Rangpur — Gujarat (4) Kalibanga — Rajasthan.

69. भरतपुर के किस शासक को 'जाट जाति का प्लेटो' कहा जाता है ?

(1) राजाराम (2) सूरजमल

(3) बदन सिंह (4) चूड़ामन ।

Which ruler of Bharatpur is called 'The Plato of the Jat Caste' ?

(1) Rajaram (2) Surajmal

(3) Badan Singh (4) Chudaman.

70. प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ कौन-सी संधी की गई ?

(1) वर्साय की संधि (2) ट्रियाना की संधि

(3) न्यूइली की संधि (4) बर्लिन की संधि ।

After the end of First World War, which treaty was made with Germany ?

(1) Treaty of Versailles (2) Treaty of Triyana

(3) Treaty of Newly (4) Treaty of Berlin.

71. 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशक कौन था ?

(1) बाल गंगाधर तिलक (2) राजा राममोहन राय

(3) दयानन्द सरस्वती (4) महात्मा गांधी ।

Who was the publisher of 'Samvad Koumudi' ?

(1) Bal Gangadhar Tilak (2) Raja Rammohan Roy

(3) Dayanand Saraswati (4) Mahatma Gandhi.

Teoler High School

## ( भूगोल )

## ( Geography )

72. भारत के किस प्रधानमंत्री ने बहुउद्देशीय जल परियोजना को "आधुनिक भारत का मंदिर" कहा था ?

(1) पंडित जवाहर लाल नेहरू (2) राजीव गाँधी

(3) इन्दिरा गाँधी (4) अटल बिहारी वाजपेयी ।

Which Prime Minister of India called multipurpose water projects as "The Temple of Modern India" ?

(1) Pandit Jawaharlal Nehru (2) Rajiv Gandhi

(3) Indira Gandhi (4) Atal Bihari Vajpayee.

73. रबी की फसल है

(1) चावल (2) चना

(3) मक्का (4) सोयाबीन ।

Rabi crop is

(1) Rice (2) Gram

(3) Maize (4) Soyabean.

74. निम्नलिखित में से कौन-सी एक राजस्थान में स्थित ताँबे की खान है ?

(1) मोरिजा-बानोल (2) डेगाना-भाकरी

(3) जावर (4) खेतडी-सिंघाना ।

Which one of the following is the copper mine situated in Rajasthan ?

(1) Morija-Banol (2) Degana-Bhakri

(3) Zawar (4) Khetri-Singhana.

75. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची-I** ( लौह इस्पात संयंत्र ) | | **सूची-II** ( राज्य ) | |
|---|---|---|---|
| (A) | दुर्गापुर | (i) | झारखण्ड |
| (B) | राउरकेला | (ii) | छत्तीसगढ़ |
| (C) | भिलाई | (iii) | उड़ीसा |
| (D) | बोकारो | (iv) | पश्चिमी बंगाल । |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv). |

Teoler High School

Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer using the codes given below :

| | **List-I** (Iron and Steel Industries) | | **List-II** (State) |
|---|---|---|---|
| (A) | Durgapur | (i) | Jharkhand |
| (B) | Rourkela | (ii) | Chattisgarh |
| (C) | Bhilai | (iii) | Orissa |
| (D) | Bokaro | (iv) | West Bengal. |

**Codes :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv). |

76. निम्नलिखित में से राजस्थान का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला कौन-सा है ?

(1) जयपुर (2) भरतपुर

(3) अलवर (4) दौसा ।

Which of the following is the highest population density district of Rajasthan ?

(1) Jaipur (2) Bharatpur

(3) Alwar (4) Dausa.

77. ''न्यू मंगलौर'' समुद्री पत्तन भारत के किस राज्य में स्थित है ?

(1) कर्नाटक (2) तमिलनाडु

(3) पश्चिम बंगाल (4) महाराष्ट्र ।

"New Mangalore" seaport is located in which state of India ?

(1) Karnataka (2) Tamil Nadu

(3) West Bengal (4) Maharashtra.

78. निम्नलिखित में से कौन-सा परमाणु ऊर्जा खनिज है ?

(1) कोयला (2) पेट्रोलियम

(3) बेरिलियम (4) प्राकृतिक गैस ।

Which of the following is an atomic energy mineral ?

(1) Coal (2) Petroleum

(3) Beryllium (4) Natural Gas.



Teoler High School

79. निम्नलिखित में से राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार है

(1) 23° 3′ पूर्वी अक्षांश से 30° 12′ पूर्वी अक्षांश

(2) 23° 3′ पश्चिमी अक्षांश से 30° 12′ पश्चिमी अक्षांश

(3) 23° 3′ उत्तरी अक्षांश से 30° 12′ उत्तरी अक्षांश

(4) 23° 3′ दक्षिणी अक्षांश से 30° 12′ दक्षिणी अक्षांश ।

Among the following the latitudinal extension of Rajasthan is

(1) 23° 3′ East Latitude to 30° 12′ East Latitude

(2) 23° 3′ West Latitude to 30° 12′ West Latitude

(3) 23° 3′ North Latitude to 30° 12′ North Latitude

(4) 23° 3′ South Latitude to 30° 12′ South Latitude.

80. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अरब सागर में गिरती है ?

(1) ताप्ती (2) कृष्णा

(3) कावेरी (4) महानदी ।

Which of the following rivers falls in the Arabian Sea ?

(1) Tapti (2) Krishna

(3) Kaveri (4) Mahanadi.

81. "मावठ" क्या है ?

(1) ग्रीष्म ऋतु में मालाबार तट पर होने वाली वर्षा

(2) ग्रीष्म ऋतु में राजस्थान में चलने वाली गर्म पवन

(3) शीत ऋतु में भूमध्यसागरीय चक्रवातों से होने वाली वर्षा

(4) अरब सागर के चक्रवात ।

What is 'Mavath' ?

(1) Rainfall near the Malabar Coast in summer season

(2) Warm winds which blow in Rajasthan in summer season

(3) Rainfall due to Mediterranean cyclones in winter season

(4) Cyclones of the Arabian sea.

82. राजस्थान में किस वृक्ष को "कल्प वृक्ष" कहा जाता है ?

(1) रोहिडा (2) कैर

(3) बैर (4) खेजडी ।

Which tree is known as 'Kalpa Vriksha' in Rajasthan ?

(1) Rohira (2) Kair

(3) Bair (4) Khejari.

Teeler High School

## ( राजनीति विज्ञान )

## ( Political Science )

83. निम्न में से जो लोकतंत्र के बहुलवादी सिद्धान्त का समर्थक है, वह है

(1) जे० एस० मिल (2) टी० एच० ग्रीन

(3) हॉब्स (4) एच० जे० लास्की ।

Among the following who is a supporter of the Pluralistic Theory of Democracy ?

(1) J. S. Mill (2) T. H. Green

(3) Hobbes (4) H. J. Laski.

84. कोई विधेयक धन विधेयक है अथवा नहीं इसका निर्णय कौन करता है ?

(1) प्रधानमंत्री (2) राष्ट्रपति

(3) लोक सभा के अध्यक्ष (4) उपराष्ट्रपति ।

Who decides whether a bill is a money bill or not ?

(1) Prime Minister (2) President

(3) Speaker of Lok Sabha (4) Vice-President.

85. राज्य-सूची के किसी विषय को राष्ट्रीय महत्त्व का घोषित करने का अधिकार किसे प्राप्त है ?

(1) राज्य सभा (2) लोक सभा

(3) राज्य विधान सभा (4) राज्य विधान परिषद ।

Who has the right to declare a subject of the state list of national importance ?

(1) Rajya Sabha (2) Lok Sabha

(3) State Legislative Assembly (4) State Legislative Council.

86. वर्तमान में भारत में कुल कितने उच्च न्यायालय हैं ?

(1) 22 (2) 24

(3) 26 (4) 29.

At present how many high courts are there in India ?

(1) 22 (2) 24

(3) 26 (4) 29.

87. निम्न में से राज्य सरकार में जो सम्मिलित हैं, वे हैं

(1) राज्यपाल, मंत्रिमंडल, मुख्यमंत्री

(2) न्यायपालिका, कार्यपालिका, मुख्यमंत्री

(3) राज्य विधानमंडल, कार्यपालिका, न्यायपालिका

(4) मंत्रिमंडल, राज्य विधानमंडल, राज्यपाल ।

Which of the following are included in the State Government ?

(1) Governor, Cabinet, Chief Minister

(2) Judiciary, Executive, Chief Minister

(3) State Legislature, Executive, Judiciary

(4) Cabinet, State Legislature, Governor.

Teoler High School

88. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत प्रत्येक उच्च न्यायालय को अभिलेख न्यायालय के रूप में स्थापित किया गया है ?

(1) अनुच्छेद 215 (2) अनुच्छेद 216

(3) अनुच्छेद 221 (4) अनुच्छेद 222.

Under which Article of the Constitution each high court has been established as a court of records ?

(1) Article 215 (2) Article 216

(3) Article 221 (4) Article 222.

89. भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त वह कौन-सा मौलिक अधिकार है, जो सभी मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करता है ?

(1) स्वतंत्रता का अधिकार (2) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार (4) समानता का अधिकार ।

Which Fundamental Right is given by the Constitution of India to protect all fundamental rights ?

(1) Right to Liberty (2) Right to Constitutional Remedies

(3) Right against Exploitation (4) Right to Equality.

90. पंचायती राज व्यवस्था की सर्वोच्च इकाई है

(1) जिला परिषद् (2) पंचायत समिति

(3) ग्राम पंचायत (4) ग्राम सभा ।

The highest unit of Panchayati Raj system is

(1) Zilla Parishad (2) Panchayat Samiti

(3) Gram Panchayat (4) Gram Sabha.

91. भारत में मताधिकार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष कब लागू की गयी ?

(1) 1947 (2) 1955

(3) 1987 (4) 1989.

When was the minimum age of 18 years for Franchise implemented in India ?

(1) 1947 (2) 1955

(3) 1987 (4) 1989.

Teoler High School

92. गुटनिरपेक्षता को एक आन्दोलन का रूप देने में किस भारतीय राजनेता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ?

(1) पं० जवाहर लाल नेहरू. (2) महात्मा गाँधी

(3) लाल बहादुर शास्त्री (4) सरदार वल्लभ भाई पटेल ।

Which Indian politician played an important role to make Non-alignment as a movement ?

(1) Pandit Jawaharlal Nehru (2) Mahatma Gandhi

(3) Lal Bahadur Shastri (4) Sardar Vallabhbhai Patel.

93. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए :

| **सूची -I** | | **सूची -II** | |
|---|---|---|---|
| (A) | संविधान सभा के स्थाई अध्यक्ष | (i) | बी० एन० राव |
| (B) | संविधान सभा के वैधानिक सलाहकार | (ii) | डॉ० राजेन्द्र प्रसाद |
| (C) | प्रारूप समिति के अध्यक्ष | (iii) | सच्चिदानन्द सिन्हा |
| (D) | संविधान सभा के अस्थाई अध्यक्ष | (iv) | डॉ० भीमराव अम्बेडकर । |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i). |

Match **List-I** with **List-II** and choose the correct code from the given codes :

| **List-I** | | **List-II** | |
|---|---|---|---|
| (A) | Permanent Chairman of the Constituent Assembly | (i) | B. N. Rao |
| (B) | Legal Adviser of the Constituent Assembly | (ii) | Dr. Rajendra Prasad |
| (C) | Chairman of the Drafting Committee | (iii) | Sachchidanand Sinha |
| (D) | Temporary Chairman of the Constituent Assembly | (iv) | Dr. Bhim Rao Ambedkar |

**Codes :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i). |

Teoler High School

## ( अर्थशास्त्र )

## ( Economics )

94. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था वाला राष्ट्र है

(1) रूस (2) चीन

(3) जापान (4) बुलगारिया ।

The nation with a capitalist economy is

(1) Russia (2) China

(3) Japan (4) Bulgaria.

95. श्वेत क्रान्ति का सम्बन्ध है

(1) अण्डों के उत्पादन से (2) दूध के उत्पादन से

(3) चीनी के उत्पादन से (4) चावल के उत्पादन से ।

The White Revolution is related to

(1) Production of eggs (2) Production of milk

(3) Production of sugar (4) Production of rice.

96. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना करने वाली संस्था है

(1) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (2) वित्त आयोग

(3) केन्द्रीय बैंक (4) नीति आयोग ।

The institution calculating National Income in India is

(1) Central Statistical Organization

(2) Finance Commission

(3) Central Bank

(3) NITI Aayog.

97. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई

(1) 1 जनवरी, 1935 (2) 1 अप्रैल, 1935

(3) 1 जनवरी, 1995 (4) 1 अप्रैल, 1995.

The World Trade Organization was established on

(1) 1st January, 1935 (2) 1st April, 1935

(3) 1st January, 1995 (4) 1st April, 1995.

Teoler High School

98. भारत में मुद्रास्फीति का कारण है

(1) कृषि उत्पादन में तेज वृद्धि (2) औद्योगिक उत्पादन में तेज वृद्धि

(3) सार्वजनिक व्यय का निम्न स्तर (4) सार्वजनिक व्यय का उच्च स्तर ।

The reason of inflation in India is

(1) Rapid growth in agricultural production

(2) Rapid growth in industrial production

(3) Low level of public expenditure

(4) High level of public expenditure.

99. साख का संस्थागत स्रोत है

(1) साहूकार (2) स्वयं सहायता समूह

(3) वाणिज्यिक बैंक (4) व्यापारी ।

The institutional source of credit is

(1) Money lender (2) Self help group

(3) Commercial bank (4) Trader.

100. भारत में, उपभोक्ता द्वारा एक करोड़ रु० से अधिक मूल्यों की वस्तुओं का वाद दर्ज कराया जा सकता है

(1) खण्ड फोरम में (2) जिला फोरम में

(3) राज्य आयोग में (4) राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण आयोग में ।

In India, cases of goods more than one crore of rupees can be filed by the consumer in

(1) Block Forum

(2) District Forum

(3) State Commission

(4) National Consumer Protection Commission.

Teoler High School